हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–181 : जौनपुर, गुरुवार 21 अक्टूबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कुशीनगर एयरपोर्ट ने जारी किया उड़ानों के लिए टाईम टेबल

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कुशीनगर एयरपोर्ट से दिल्ली से कुशीनगर की फ्लाइट सप्ताह में सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उड़ान भरेगी। दिल्ली से एसजी–2987 दोपहर 12 बजे उड़कर 1.35 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचेगी। जबकि यहां से 1.55 बजे उड़ान भरकर एसजी–2988 दोपहर 3.50 बजे दिल्ली पहुंचेगी। कुशीनगर से मुम्बई की उड़ान सप्ताह में तीन दिन होगी और एसजी–131 कुशीनगर एयरपोर्ट से 3.15 बजे उड़कर शाम छह बजे मुम्बई पहुंचेगी। जबकि एसजी–4039 दोपहर 3.25 बजे कुशीनगर से उड़कर से शाम 5.25 बजे कोलकाता पहुंचेगी। यह भी सप्ताह में तीन दिन उड़ेगी। उधार इंडिगो और एयर इंडिया विमानन कंपनियों ने भी दिल्ली और मुम्बई के लिए उड़ान शुरू करने की अनुमति मांगी है। हालांकि इस पर अभी तक कोई शेड्यूल नहीं आया है। उड़ान के लिए समय सारणी। फलाइट नम्बर एयरपोर्ट से एयरपोर्ट तक सप्ताह में उड़ान की संख्या। एसजी–2987 दिल्ली 12 बजे दोपहर कुशीनगर 1.35 बजे सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार। एसजी–2988 कुशीनगर 1.55 बजे दिल्ली 3.50 बजे सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार। एसजी–131 मुम्बई 12.10 बजे कुशीनगर 2.45 बजे मंगलवार, गुरुवार और शनिवार। एसजी–132 कुशीनगर 3.15 बजे मुम्बई शाम छह बजे मंगलवार, गुरुवार और शनिवार। एसजी–4038 कोलकाता 1.35 बजे कुशीनगर 3.20 बजे सोमवार, बुधवार और शुक्रवार। एसजी–4039 कुशीनगर 3.40 बजे कोलकाता 5.25 बजे सोमवार, बुधवार और शुक्रवार। 50 किमी दायरे में लोगों को मिलेगी 17 उड़ानों की सुविधा। गोरखपुर एयरपोर्ट से कुशीनगर एयरपोर्ट की दूरी महज 50 किलोमीट की है। इन दोनों शहरों के एयरपोर्ट से यात्रियों को एक–दो नहीं बल्कि 17 उड़ानों की सुविधा मिलेगी। गोरखपुर से इन दिनों



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, गोवा, कोलकाता, लखनऊ, प्रयागराज, बेंगलुरु और हैदराबाद शहरों के लिए 14 उड़ानें हो रही हैं। जबकि 26 नवम्बर और 18 दिसम्बर से कुशीनगर एयरपोर्ट से 3 शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी। 300 यात्री एक साथ कर सकते हैं चेक इन। 260 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 3600 वर्गमीटर में फैले नए टर्मिनल भवन के साथ कुशीनगर हवाई अड्डा तैयार किया है। नया टर्मिनल भीड़भाड़ वाले समय में 300 यात्रियों के लिए आने–जाने की सुविधा प्रदान करेगा। बौद्ध सर्किट के लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, राजगीर, संकिसा और वैशाली की यात्रा अब कम समय में पूरी हो सकेगी। अंतरराष्ट्रीय उड़ान से इन देशों की हो जाएगी कनेक्टिविटी। अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रारंभ होने से श्रीलंका, जापान ,ताइवान ,दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम, सिंगापुर, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से सीधे अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी बढ़ेगी। पर्यटकों को कुशीनगर पहुंचने में भी सुगमता होगी। वहीं घरेलू उड़ान शुरू होने से बौद्ध सर्किट के लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर श्रावस्ती, राजगीर, संकिसा एवं वैशाली की यात्रा पर्यटक पहले से कम समय में पूरी कर सकेंगे।

## 80 डेसीबल से भी अधिक ध्वनि निकलने पर 10,000 जुर्माना तथा चालक का लाइसेंस तीन माह के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा : एस0पी0 सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) एस0पी0 सिंह ने अवगत कराया है कि मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्ड पीठ, लखनऊ के समक्ष योजित जनहित याचिका संख्या 15385/2021, में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दुपहिया मोटरयानों विशेषतया बुलेट, मोटर साइकिल के स्वामियों/चालकों द्वारा साइलेंसर को इस प्रकार परिवर्तित कराने पर कि उनसे निर्धारित ध्वनि मानक 80 डेसीबल से भी अधिक ध्वनि निकलने का उपरोक्त जनहित याचिका के माध्यम से संज्ञान लेते हुए 20 जुलाई 2021 को सख्त आदेश पारित किये गये है। जिसके क्रम में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा 28 जुलाई 2021 के माध्यम से उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में आज 20 अक्टूबर 2021 को उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), वाराणसी की अध्यक्षता तथा मण्डल के समस्त परिवहन अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गयी। बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन में जनपद वाराणसी के समस्त वाहन डीलरों को पुनः निर्देशित किया गया कि विनिर्माता कम्पनी द्वारा वाहन में मूल रूप से लगाये गये साइलेंसर युक्त वाहन ही आप द्वारा क्रेता को परिदान किया जाएगा, वाहन के साइलेन्सर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि वाहन स्वामी द्वारा वाहन के साइलेन्सर में परिवर्तन करा लिया जाता है और आपके प्रतिष्ठान पर यदि वाहन सर्विस हेतु प्रस्तुत होता है तो आप उस वाहन की सर्विस न करते हुए उसकी सूचना तत्काल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को उपलब्ध कराएगें। किसी भी दशा में वाहन के मूल साइलेन्सर में परिवर्तन नहीं करेंगे। उल्लघन की दशा में ऐसे वाहन स्वामी के लिए सजा के रूप में तीन माह का कारावास अथवा रू 10,000/– जुर्माना देय होगा तथा चालक का लाइसेंस तीन माह के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा। उक्त हेतु जनपद के प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि यदि ऐसा केई वाहन मार्ग पर संचालित पाया जाता है तो उनके विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. की बदलापुर टीम का हुआ गठन

बदलापुर, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : बदलापुर इकाई कार्यालय पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार दुबे की अगुवाई में बदलापुर टीम का गठन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम त्रिपाठी को मनोनीत किया गया और ब्लॉक प्रभारी जितेंद्र उपाध्याय को तथा उपाध्यक्ष गणेश शुक्ला को बनाया गया साथ ही साथ और सभी पदाधिकारियों का चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गयाद्य जिला अध्यक्ष द्वारा सभी चयनित पदाधिकारियों को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के उद्देश्य को बताया गया साथ ही साथ बधाई दी साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के बदलापुर 7 नवंबर आगमन को लेकर कार्यक्रम की चर्चा की गई इस मौके पर



जगदीश उपाध्याय महाराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष अमित पाण्डेय, अरविंद मिश्र, संदीप पाठक, विनय कुमार उपाध्याय ,डॉ महेश मिश्र, शुभम दुबे, विनोद तिवारी, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय ,इंद्रजीत शुक्ला ,रितिक पांडे, विपिन उपाध्याय, रामकृष्ण उपाध्याय, प्रियांशु शुक्ला ,मणि तिवारी, प्रशांत शुक्ला ,अशोक तिवारी और बहुत से लोग मौजूद रहे।

## आयुष विश्वविद्यालय को मिले 92.72 करोड़ : काम में आएगी तेजी

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भटहट ब्लॉक के पिपरी में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लिए 92.72 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। पहली किस्त के रूप में 6.11 करोड़ रुपये मिले थे जिससे बाउंड्रीवाल का काम जारी है। करीब दो महीने पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास हुआ। 52 एकड़ में बनने वाला यह विश्वविद्यालय मार्च 2023 तक संचालित करने का लक्ष्य है। 24 अगस्त को आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 02.67 अरब रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए 6.11 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त अवमुक्त कर दी गई। मंगलवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीएम से आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण की प्रगति भी पूछी। एक छत के नीचे आएंगी सभी आयुष संस्थाएं। सूबे के पहले आयुष शिविद्यालय के एक ही परिसर में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी,प्राकृतिक चिकित्सा,योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति सभी की कक्षाएं चलेगी। विश्वविद्यालय का वास्तुशिल्प भारतीय संस्कृति के अनुरूप बनाया जाएगा। एकेडमिक भवन, प्रशासनिक भवन,आवासीय भवन, छात्रावास, गेस्ट हाउस के अलावा आडिटोरियम और सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक भी होगा। राज्य में आयुष विधा के वर्तमान में 94 कॉलेज अलग अलग विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से संबद्ध हैं। सभी को समन्वित रूप से आयुष विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा। इससे इन कॉलेजों के डिग्री व डिप्लोमा के पाठ्यक्रमों में एकरूपता रहेगी और सत्र का नियमन भी सहज होगा। पढ़ाई के साथ मिलेगा इलाज भी आयुष विश्वविद्यालय में आयुर्वेदिक, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी और योग चिकित्सा की पढ़ाई और उस पर शोध कार्य भी होगा। औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के साथ औषधीय पादप उद्यान भी विकसित होगा।

## पत्रकार से उलझना पूर्व प्रधान ध्यानचंद चौरसिया को पड़ा भारी

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खजनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहसी गांव के पूर्व प्रधान ध्यानचंद उर्फ कुलदीप चौरसिया द्वारा सोशल मीडिया पर पत्रकार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करके उलझना काफी महंगा पड़ा है,मंगलवार देर शाम को पूर्व प्रधान कुलदीप चौरसिया ने तहसील खजनी के पत्रकारों के विरुद्ध अमर्यादित ढंग से आपत्तिजनक टिप्पणी कर सोशल मीडिया पर वायरल किया था, पूर्व प्रधान के इस घृणित कार्य से आक्रोशित खजनी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण थाने का घेराव किया और अपना पक्ष रखते हुए पूर्व प्रधान ध्यानचंद चौरसिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया, उसके बाद पत्रकार के तहरीर पर पूर्व प्रधान के खिलाफ संघेय धाराओं में खजनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, पुलिस ने पूर्व प्रधान कुलदीप चौरसिया की तलाश में दबिश दे रहे हैं लेकिन पूर्व प्रधान फरार चल रहे है। क्या है मामला। खजनी तहसील के सहसी गांव में कोटेदार संचालक राम कवल गुप्ता चक्के गांव के निवासी हैं वह सहसी ग्राम पंचायत के कोटेदार हैं लेकिन कोटेदार केवल नाम के है,खाद्य विभाग द्वारा निर्गत राशन पूर्व प्रधान ध्यानचंद चौरसिया के घर में स्टोर होता है और वही से गांव के समस्त नागरिको को राशन का वितरण होता है,कोटेदार के प्रतिनिधि पूर्व प्रधान ध्यानचंद चौरसिया द्वारा साहसी गांव के 13 मृतक व्यक्तियों का राशन कार्ड से नाम काटकर गांव के ही दूसरे परिवार के राशन कार्ड में जोड़कर तीन साल से राशन धांधली का बंदरबाट कर रहे थे,ऐसे में मृतक परिवार के प्रदर्शन की सूचना पर खजनी के दो पत्रकार पहुंचे, पत्रकारों ने मृतक परिवार का वीडियो बनाया साक्ष्य संकलन किया और मृतक परिवारों के बयान लिए,मृतक परिवारों में गोरख सिंह, मिंटू प्रसाद,पप्पू सिंह आदि लोगों ने बताया कोटेदार राम कमल गुप्ता के प्रतिनिधि पूर्व प्रधान कुलदीप चौरसिया द्वारा 13 मृतकों का नाम उनके परिवार के राशन कार्ड से काटकर उसी गांव में दूसरे परिवार के राशन कार्ड में जोड़कर राशन वितरण में तीन सालों से धांधली किया जा रहा था,कोटेदार द्वारा मृतक व्यक्तियों के राशन को जिस परिवार में जोड़ा जाता है उस परिवार को भी राशन नहीं दिया जाता है केवल राशन को अपने पास रख लिया जाता है, इस बात की सूचना पर मृतक परिवार ने राशन कार्ड में अपने परिवार के किसी व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचे तो उन्हें पता चला की उनके मरे व्यक्ति का राशन कोई और परिवार का व्यक्ति ले रहा है उस व्यक्ति को भी राशन नहीं मिल रहा है ,इस राशन को कोटेदार अपने पास रख ले रहा है,इसकी सूचना पर खजनी तहसील के दो पत्रकार सहसी पहुंचे और समाचार का संकलन किया दूसरे दिन दैनिक जागरण व वायस आफ शताब्दी समाचार पत्र मे मृतक परिवार के राशन वितरण में धांधली का समाचार प्रकाशित हुआ, समाचार निकले जाने से खिन्न होकर पूर्व प्रधान ध्यानचंद ने सोशल मीडिया फेसबुक पर पत्रकारों के खिलाफ अमर्यादित व अन्य टिप्पणी करते हुए पोस्ट किया जिसमें पत्रकार के विरुद्ध धनादोहन व अन्य टिप्पणी कर वायरल कर दिया,इस बात से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी आक्रोशित होकर थाने का घेराव किया जिस पर एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने गंभीर धाराओं में पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा लिखने का आदेश पारित किया जहां पर इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्या के निर्देशन में मुकदमा दर्ज किया गया और आरोपी पूर्व प्रधान की तलाश कर रही है। खजनी पुलिस ने भी पूर्व प्रधान कुलदीप चौरसिया के खिलाफ लिया एक्शन। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के आग्रह पर पूर्व प्रधान ध्यानचंद चौरसिया के खिलाफ खजनी पुलिस ने एक्शन ले लिया है वह पूर्व प्रधान के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके तलाश जारी किया है, एसडीएम पवन कुमार का कहना है कोटेदार रामकवल को हाईजैक करके अगर पूर्व प्रधान ध्यानचंद अपने घर से राशन का वितरण करते पकड़ा जाता है इसकी पूरी जांच कराई जाएगी अगर सही पाया गया तो इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा, इसके अलावा पूर्व प्रधान के कार्यकाल के 5 सालों की जांच कराई जाएगी इसमें कोई भी अनियमितता होती है उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी अगर कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में कोई धांधली हुई है तो उसकी 5 सदस्य टीम बनाकर रिकवरी की जाएगी और जरूरत पड़ी तो और मुकदमे दर्ज किए जायेंगे।

## स्व–रोजगार हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए 22 अक्टूबर को साक्षात्कार में उपस्थित हों आवेदक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार 25 सितम्बर 2021 से 03 नवम्बर 2021 तक चलाये जा रहे मिशन रोजगार अभियान के अन्तर्गत दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्व–रोजगार कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत ऋण हेतु शिक्षित बेरोजगारों के कुल 154 आवेदन पत्र डूडा कार्यालय को प्राप्त हुए है। ऋण हेतु आवेदन करने वाले सभी आवेदकों का साक्षात्कार एवं उनके ऋण के अनुमोदन हेतु 22 अक्टूबर 2021 डूडा कार्यालय जौनपुर में सुबह 11.00 बजे से टास्कफोर्स कमेटी की बैठक आयोजित है, जिसमें सभी ऋण आवेदकों की उपस्थिति अनिवार्य है। परियोजना अधिकारी डूडा ने सभी ऋण आवेदकों से आवश्यक कागजातों के साथ 22 अक्टूबर 2021 को सुबह 11.00 बजे साक्षात्कार हेतु डूडा कार्यालय जौनपुर में उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया है।

## एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में तृतीय श्रेणी के संविदा पद पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अध्यक्ष चयन समिति/प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा 01 सितंबर 2021 के अनुक्रम में जनपद जौनपुर में स्थापित एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में तृतीय श्रेणी के संविदा पद पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। तृतीय श्रेणी कर्मचारी संविदात्मक कनिष्ठ लिपिक का एक पद हेतु मासिक मानदेय रु० 10,730 है। उन्होंने अवगत कराया है कि आवेदक का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड/ विश्वविद्यालय/संस्था से इंटरमीडिएट या समकक्ष हो। हिंदी टंकण (25 शब्द प्रति मिनट) व अंग्रेजी टंकण (30 शब्द प्रति मिनट) का ज्ञान, कंप्यूटर ज्ञान में ट्रिपल सी प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यता। टंकण परीक्षा यूनिकोड फॉन्ट पर होगी। आवेदक की आयु 01 अक्टूबर 2021 को 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक न हो। तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पद हेतु सृजित पद का कार्यकाल 28 फरवरी 2022 तक होगा। आवेदन करने वाले अभ्यार्थी संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर केंद्र, दीवानी न्यायालय परिसर, जौनपुर में 30 अक्टूबर 2021 को सायं 5:00 बजे तक व्यक्तिगत अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यार्थियों की कौशल परीक्षा व साक्षात्कार के संबंध में अलग से सूचना दी जाएगी।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मुकदमा दर्ज कराने को भटक रही पीड़ित महिला

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक विधवा ने अपने गांव के कुछ लोगो पर छेड़खानी करते हुए पीटकर घायल करने का आरोप लगाया है। उंसका कहना है कि पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। महिला अपना मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रही है। महिला का आरोप है कि बीते 19 अक्टूबर को सुबह 9 बजे वह गांव में मजदूर खोजने गयी थी कि उनके पट्टीदार छेड़छाड़ करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का कहना है कि चौरीचौरा पुलिस को उसी दिन तहरीर दिया लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। उल्टे विरोधियों की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। इंस्पेक्टर श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि ऐसा है तो महिला की मदद जरूर किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे छात्र नेता को पुलिस ने लिया हिरासत में

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उत्तर प्रदेश में बढ़ते अपराध और छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता मनीष ओझा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मनीष ओझा का आरोप है कि 19 अक्टूबर की रात में करीब 2 दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों ने उन्हें उनके आवास पर नजरबंद किया और 20 अक्टूबर की सुबह कैंट थाने पर उठा ले आए। मनीष ने कहा कि 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बरवा फार्म कुशीनगर में मिलकर यूपी में बढ़ते अपराध और छात्र संघ चुनाव के संबंध में 2 सूत्रीय ज्ञापन सौंपना चाहते थे। मनीष ओझा के मुताबिक उनके अलावा अतुल यादव, प्रतीक त्रिपाठी, सत्यम गोस्वामी आदि को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## जनता की समस्या का समाधान सर्वोपरि– संगीता यादव

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संगीता यादव ने बुधवार को विशुनपुर मटियारा मण्डल के दुलहरा,विशुनपुरा, सरार, गोपालपुर,दिहघाट आदि गावो में जा कर सैकड़ो महिलाओं के साथ चौपाल लगाकर उनसे से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा है.महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा है कि बेटियों को जरूर पढ़ाए.उन्होंने कहा है कि यूपी में केंद्र व प्रदेश के सरकार के सहयोग से महिलाओं के उत्थान के लिए मिशन शक्ति सहित कई योजनाएं चलाई जा रही है.विधायक ने सभी लोगो को आश्वस्त किया है कि वह लगातार उनके सुख दुःख में शामिल होने के लिए तैयार है.उन्होंने महिलाओं से अपील किया है किसी भी समस्या को उनसे बता सकती है.विधायक ने लोगो से हर सम्भव मदद की बात कही है.। विशुनपुरा मण्डल के बीजेपी के पदाधिकारियों के साथ भी विधायक ने आगामी चुनाव को लेकर पार्टी के तरफ से जारी गाइडलाइन के तहत कार्य करने की अपील किया है .इस कार्यक्रम में ब्रह्मपुर के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मानवेन्द्र यादव ,बीजेपी जिला मंत्री ओमप्रकाश धर दुबे,इरशाद खान,अनिल चौहान,सन्दीप मौर्य,रामदीन ,रंजन परशुराम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम सहजनवा ने निर्माणाधीन गोदाम का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सहजनवा विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड में निर्माणाधीन गोदाम का एसडीएम सहजनवा व डिप्टी आरएमओ निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता युक्त जल्द से जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश। निर्माणाधीन गोदाम का निरीक्षण कर एसडीएम सहजनवा सुरेश राय ने कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण पूरा करने हेतु निर्देशित किया। जिससे 1 नवंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाने पर धान को सुरक्षित स्थानों पर रखा जा सके। गोदाम निर्माण को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम निर्माण के साथ ही साथ पहुंच मार्ग को भी ठीक करने के निर्देश दिये जिससे गोदाम में रखे जाने वाले धान को आसानी से वाहनों द्वारा जे जाया जा सके। और मौसम खराब होने पर किसानों की किसी प्रकार की क्षति ना होने पाए।

## स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सभी को मिले–अनुपम मिश्र

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बुधवार को उप जिलाधिकारी चौरी चौरा अनुपम मिश्र ने ब्रह्मपुर क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई जगह कमियां मिली जिसको सुधारने का निर्देश दिया गया। ब्रह्मपुर क्षेत्र के सी एच सी बरही, पी एच सी ब्रह्मपुर, एडिशनल पी एच सी विशुनपुरा और राजी जगदीशपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां जांच में कई जगह अवस्थापना सुविधाओं का अभाव मिला जिससे मरीजों को अस्पताल में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जांच की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित की जायेगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*कर्मयागी वो है जो साधनों का, कमल–पुष्प सम बनकर प्रयोग करते हैं–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## *ग्रामोदय और अंत्योदय के विचारों से बनेगा वैभवशाली भारत*

काजल की कोठरी में रहकर बिना कालिख लगे निकल जाना, आज के युग में लोग आठवां आश्चर्य ही मानते हैं। राजनीति अपने लिए नहीं, अपनों के लिए नहीं, वरन देश के लिए करने का सामर्थ्य जिस महापुरुष में था, उस राष्ट्रऋषि का नाम है नानाजी देशमुख। 'भारत रत्न' देने के जितने मानक भारत सरकार के होंगे उन मानकों से भी आगे जीवन जीनेवाले, ऐसे नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी गरिमा बढ़ाई है।

सच में नानाजी देशमुख करोड़ों भारतीयों के बीच एक रत्न थे। वे कार्यों से रत्न थे। कार्यों से ऋषि थे। वे ग्रामोदय और अंत्योदय के अखंड उपासक थे। वे राजनीति में रहकर भी रचनाधर्मी और सृजनकारी थे। उन्होंने स्कूल को स्कूल नहीं कहा, सरस्वती शिशु मंदिर कहा। सरस्वती शिशु मंदिर कहते ही, मां सरस्वती से शिशु का जो नाभि का संबंध है, बिना कुछ कहे स्वतः एहसास होने लगता है। नानाजी देशमुख द्वारा जड़ में बोया गया बीज ही आज पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक विद्या भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिरों के रूप में पोषित और पल्लवित हो रहा है। भारतीय संस्कृति से दूर रहकर भारत का विद्यार्थी मां सरस्वती की आराधना भला कैसे कर सकता है! धरोहर को धरा पर नानाजी देशमुख ने न केवल उतारा बल्कि आज 28 लाख बच्चे विद्या भारती विद्यालयों के आंचल में अध्ययन कर रहे हैं।

नानाजी देशमुख एक सोच थे। नानाजी देशमुख एक विचार थे। नानाजी के पुरुषत्व में मातृत्व था। जिसके पुरुषत्व में मातृत्व होता है, उसे लोग ईश्वर का अंश ही मानते हैं। नानाजी का संबंध धनाढ्य लोगों से रहा परंतु उन्होंने धनाढ्य के धन का उपयोग ग्रामोदय और अंत्योदय में किया। ग्राम उनकी पूजा थी। उन पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का बहुत प्रभाव था। वे सत्ता के चकाचौंध से कभी प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने सत्ता को सेवा से जोड़ा। वे जनसंघ के जो 10–12 प्रमुख प्रारंभिक स्तंभ थे, उनमें से एक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा से निकले और आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार का सान्निध्य प्राप्त कर उन्होंने प्रारंभ में संघ के विचार को और जब संघ की प्रेरणा से जनसंघ बना, तो उसके दीये की अखंड ज्योति से उसका चिन्मयी बनकर वे भारत के कोने–कोने में जनसंघ के विचार को लेकर पहुंचे।

जनता पार्टी की सरकार बनी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी धराशायी हुई। आपातकाल में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के साथ कदम से कदम मिलाकर गुप्त क्रांति की प्रेरणा नानाजी देशमुख ने दी, वह आज भी प्रख्यात पत्रकार दीनानाथ मिश्र की किताब 'गुप्त क्रांति' में पढ़ी जा सकती है। नानाजी देशमुख कहा करते थे, 'हौसले से बड़ा हथियार नहीं होता।' जयप्रकाश नारायण के हौसले का नाम नानाजी देशमुख था। जयप्रकाश नारायण, नानाजी से अटूट प्रेम करते थे। यही कारण था कि आपातकाल के काले साये के दौरान जेल में रहने के बाद रोशनी देनेवाले में जो अग्रणी थे, वे थे जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख। सन 77 में सत्ता आई, जनता पार्टी की सरकार बनी। तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई सहित अनेक नेताओं ने आग्रह किया कि नानाजी जनसंघ कोटे से मंत्री बनें। लेकिन वे सत्ता की चकाचौंध में संगठन छोड़ने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कह दिया, 'मैं 60 वर्ष के बाद राजनीति से संन्यास ले लूंगा।' वे 60 साल के हुए और अपने शब्दों को आचरण का परिधान पहनाते हुए उन्होंने घोषणा की, 'मैं राजनीति से संन्यास लेता हूं, सेवा से नहीं।'

भारत की राजनीति में जनसेवा, ग्रामसेवा, कृषिसेवा और ग्रामों की आराधना का केंद्र उन्होंने मंदाकिनी नदी के किनारे बसे चित्रकूट को बनाया। जिस चित्रकूट में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् राम ने अपने 12 वर्ष वनवास में बिताए, नानाजी देशमुख ने उसे दीनदयाल शोध संस्थान के विविध आयामों का कार्यक्षेत्र बनाया। मंदाकिनी के घाट पर सियाराम कुटीर बनाकर उन्होंने चित्रकूट के आस–पास 500 ग्रामों का जो प्रकल्प चलाया उसे देखकर हर किसी को दांतों तले उंगली दबानी पड़ती है। नानाजी के प्रारब्ध की पुण्याई अगर कोई चाहता हो तो उसे चित्रकूट जाकर दीनदयाल शोध संस्थान के उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के ग्रामीण उत्थान के प्रकल्प को अवश्य देखना चाहिए।

हतप्रभ थे देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी। वे दो–तीन दिन दीनदयाल शोध संस्थान के प्रकल्पों का दर्शन करने के बाद जब दिल्ली लौटे तो अपने अभिन्न मित्रों से कहा, 'नानाजी देशमुख ने जीवन सार्थक कर दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् राम के वनवासधाम को भौतिकवादी युग में उन्होंने जो सेवाधाम बना दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।' अटलजी ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री निवास में तो आ गया हूं पर नानाजी देशमुख के दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा किये जा रहे ग्रामों के उदय का प्रकल्प मेरे आंखों से ओझल नहीं हो रहा।' तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आजाद ने नानाजी देशमुख द्वारा चित्रकूट में किए जा रहे ग्रामोत्थान की ख्याति सुन रखी थी। नानाजी से उनसे सहज आग्रह किया कि वे चित्रकूट अवश्य आएं। उन्होंने स्वीकृति दे दी। डॉ. कलाम ने जब दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रकल्पों को अपनी आंखों से देखा तो मिसाइलमैन ने कहा, 'मेरी यहां से जाने की इच्छा नहीं हो रही है। आपके ग्रामोदय की जो सोच है, इससे गांव की संस्कृति और सभ्यता सदैव जीवंत रहेगी।'

जल, जमीन, जंगल, जानवर की रक्षा के साथ–साथ प्रकृति प्रदत्त प्रसादों में सदैव संतुलन बनाये रखने के पक्ष में नानाजी थे। उनका कहना था 'प्रकृति का संतुलन यदि बिगड़ेगा तो मनुष्य, समाज और राष्ट्र का भी संतुलन बिगड़ेगा। खेती को लाभकारी कैसे बनाया जाए, जल संचय से लेकर कम पानी में खेती कैसे होती है, कौन सी मिट्टी में कौन फसल, कम लागत में फसलों के अधिक दाम, ऐसी छोटी–छोटी बातों पर उन्होंने बारीकी से विचार किया। नानाजी देशमुख कृषि और ऋषि परंपरा के अग्रदूत थे। वे चित्रकूट स्थित पहले ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पहले कुलाधिपति थे। उनकी संकल्पना थी कि गांव की खुशहाली ही भारत की खुशहाली है। गांव हंसेगा तो भारत हंसेगा।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नानाजी देशमुख ने अनेक ऐसे संकाय प्रारंभ किए, जिनका सीधा–सीधा संबंध गांव से था। वे गांव को कंक्रीट का जंगल नहीं बनाना चाहते थे। उनका कहना था कि ग्रामीण भारत का जो जीवन है, जो संस्कृति है, उसे वैज्ञानिक पद्धति से और संवृद्ध किया जाए। वे धर्म और विज्ञान के पोषक थे। जैसे गंगोत्री गोमुख से गंगा निकलती है, वैसे ही देश में यह सामान्य चर्चा है कि जीवन से ग्रामोदय निकला है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववववाद के वे पुजारी थे। वे किसी चीज को समग्र दृष्टि से देखने में विश्वास रखते थे। उन्होंने एकांगी विकास मॉडलों की बजाए विकास की समग्र अवधारणा का समर्थन किया।

नानाजी देशमुख को राष्ट्रपति ने उनके कृत्यों को देखकर राज्यसभा में मनोनीत किया। नानाजी ने जीवन मूल्यों पर आधारित समाज–पुनर्रचना को साकार करने की दिशा में अनेक पहल की। स्वदेशी, आयुर्वेद, प्रकृति की रक्षा एवं आत्मनिर्भरता की ओर वे सदैव विशेष ध्यान देते थे। उनकी मान्यता थी कि गांव की रक्षा सबकी इच्छा होनी चाहिए। जब सबकी इच्छा बन जाएगी, तो भारत को वैभवशाली बनने में अधिक दिन नहीं लगेंगे।

नानाजी देशमुख 27 फरवरी 2010 को अपनी काया छोड़कर चले गए। वे इतने महान थे कि उन्होंने दधीचि की तरह अपना प्रत्येक अंगदान कर दिया था। उन्होंने जीवित रहते कह दिया था, 'अंग जो भी काम का हो, दूसरे जीवन के लिए उपयोग में ले लेना चाहिए।' वे काया से हमारे बीच नहीं हैं, परंतु उनकी विचार–छाया में दीनदयाल शोध संस्थान अपने प्रकल्पों के माध्यम से भारतवर्ष में एक नया कीर्तिमान बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को भारत रत्न देकर एक नवमार्ग प्रशस्त किया है कि गुदरी का लाल भी भारत का लाल बन सकता है। सच में, भारत के लाल को उन्होंने भारत रत्न देकर हम सब भारतीयों को कृतार्थ किया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मामी को चाकू मार धायल करने वाले भांजे को राजघाट थाने की पुलिस ने किया गिरफ्तार

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : राजघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनकटी चक में अपने ननिहाल मे रहने वाला आसिफ जावेद पुत्र मोहम्मद सलीम ने अपने सगी मामी को हत्या करने की नियत से चाकू से वार कर घायल कर दिया था जिस संबंध में राजघाट पुलिस ने मुकदमा अपराधा संख्या 274 / 21 धारा 307,323 पंजीकृत किया गया उक्त मुकदमे के अनावरण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन टांडा ने पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार को अभियुक्त को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया था एसपी सिटी ने तत्परता दिखाते हुए सीओ कोतवाली विमल कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजघाट विनय कुमार सरोज को अभियुक्त को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को निर्देशित किया प्रभारी निरीक्षक राजघाट ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त आसिफ जावेद पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी बनकटी चक को बर्फखाना के पास से आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली थाना अंतर्गत झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले दो शातिर मोबाइल लुटेरों अविनाश निषाद पुत्र संपत निषाद निवासी मंझरिया टोला चक्की थाना रामगढ़ ताल हाल मुकाम चकरा अव्वल अमरूद मंडी थाना राजघाट व विकास पुत्र जयलाल निषाद निवासी फल मंडी उत्सव लान थाना रामगढ़ ताल को एक अदद ब्लू मल्टीमीडिया मोबाइल रेडमी के साथ प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर की टीम ने तरंग ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में पत्रकार वार्ता कर उपरोक्त जानकारी दी।

# जिलाधिकारी ने सीएचसी व पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरण आनंद ने बुद्धवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरी चौरा व पीएचसी सरदार नगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरी चौरा पर अनेक कमियां मिलीं। जिसपर उन्होंने नाराजगी जताते हुए चिकित्सा अधीक्षक सहित वहां के सभी डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। तथा दो माह में सुधार न होने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दिया। वहीं पीएचसी सरदारनगर के निरीक्षण में वहां सब कुछ ठीक मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को शाबासी भी दिया। बुधवार को सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण करने निकले डीएम विजय किरण आनन्द ने सरदारनगर पीएचसी का निरीक्षण किया। यहां कोविड टीकाकरण की स्थिति,ओपीडी,प्रसव केंद्र और प्रतिदिन किए जाने वाले प्रसव की संख्या, दवाओं की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति, दस्तक अभियान, आयुष्मान योजना आदि का जांच किया। सब कुछ ठीक मिलने पर संतुष्ट होकर डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर हरिओम पांडेय को शाबासी दिया। तथा यहां ओपीडी की संख्या और बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके बाद डीएम सीएचसी चौरी चौरा पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले ओपीडी की स्थिति को देखकर नाराजगी जताया और कहा कि यह स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधीक्षक की लीडरशिप ठीक नहीं है। डीएम ने सभी डॉक्टरों को चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। डीएम ने यहां एक्सरे कक्ष, कोविड वार्ड, जनरल वार्ड, पीआईसीयू वार्ड का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीआईसीयू वार्ड में लगे सिस्टम को चालू कराकर देखा और निर्देश दिया कि इस तरह की व्यवस्था कोविड वार्ड में भी किया जाए। पीडियाट्रिक वार्ड का निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्था ऐसी रखी जाए कि इलाज के लिए लोगों को बाहर न जाना पड़े। उन्होंने बच्चों से सम्बंधित दवाओं की उपलब्धता के बारे में पीडियाट्रिशियन डॉक्टर के.पी.यादव से जानकारी लिया। डीएम ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सीएचसी पर ओपीडी, आईपीडी,राष्ट्रगत कार्य, आशा और एएनएम के कार्य असंतोष जनक पाए गए हैं। एएनएम की मॉनिटरिंग में भारी कमियां पाई गयी हैं। यहां के सभी कार्य असंतोषजनक पाए गए हैं। यहां के सभी डॉक्टरों को चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। दो माह के अंदर यदि सुधार नहीं होता है तो सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ओपीडी की संख्या को किसी भी हाल में बढ़ाना होगा। उन्होने कहा कि सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत जनता तक पहुंचाने के लिए काम करना होगा। सरदारनगर पीएचसी पर हो रहे जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए बीडीओ सरदारनगर को निर्देश जारी किया। और लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक्सईएन को निर्देश दिया। सीएचसी पर सर्जन न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सर्जरी के लिए जिले पर तमाम सरकारी सुविधाएं उपलब्ध है। वहां लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि यहां भी सर्जन की तैनाती की जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. सुधाकर पांडेय एडीशनल सीएमओ डॉ.एस.एन.त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि ज्योति प्रकाश गुप्ता, ईओ जितेंद्र सिंह सहित अस्पताल का पूरा स्टाप मौजूद रहा।

# आपदा तो जान ले ही रही है राजस्व कर्मी भी कर रहे परेशान : गांव वालों को तीन दिन से इंतखाप लेकर तहसील बुला रहे लेखपाल–ग्राम प्रधान

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौरी चौरा तहसील झेत्र में अतिबृष्टि व जल जमाव के चलते फसलें तो पुरी तरह से नष्ट हो गयी है तथा जल जमाव के चलते तमाम मकानें भी ध्वस्त हो चुकी है। गांव के मकानो में पानी लग जाने से लोग महिनों खुले आसमान के नीचे जीवन यापन किये हैं अभी इस महामारी से उबरकर गांव में आकर धीरे धीरे अपना ब्यवस्था ठीक करने लगे हैं। और उन्हें यह लग रहा है कि सरकार फसलों के नुकसान व मकानों के क्षतिग्रस्त होने का आकलन करा रही है और हम लोगों को मुआवजा मिलेगा जिससे कुछ राहत मिलेगी। लेकिन तहसील के लेखपाल लोग अलग मुसीबत बन गये हैं वह मौके पर न आकर सबको तहसील आवास इन्तखाफ लेकर बुला रहे हैं। किसानों का कहना है कि लेखपाल लोग क्या कर रहे हैं यह समझ में नहीं आ रहा है। कि मुआवजा मिलेगा कि नहीं। यह मामला विकास खंड ब्रह्मपुर के ग्राम पंचायत हरपुर का हैं। जहां के लेखपाल अमित कुमार है। गांव के बिरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार,विनोद यादव, कौशल्या देवी,फेकनी देवी, जितेन्द्र सहित तमाम लोगों का कहना है कि आज तीन दिन से लेखपाल साहब हम लोगों को इन्तखाफ लेकर तहसील बुला रहे हैं। जब कि उनको गांव में आकर सबका सत्यापन करना चाहिए। हम लोग तो वैसे मुसीबत के मारे हुए हैं अब कहां से दो सौ रुपए का व्यवस्था करें। वहां जाने के लिए चार किलोमीटर पैदल चलना पडेगा फिर 20 रूपया किराया एक तरफ से देना पड़ेगा अगर काम नहीं हुआ तो कई दिन जाना पड़ सकता है सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिसके धर बृद्ध महिला व पुरुष है या कोई जाने वाला नहीं है उसका क्या होगा। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान महंथ गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तीन दिन से लेखपाल गांव के लोगों को तहसील में अपने आवास पर इन्तखाफ लेकर बुला रहे हैं। मैं आज गांव में धर गिराई का सूची बनवा रहा हूँ मुझे विशेष जानकारी नहीं है। इस सम्बन्ध में तहसील लेखपाल अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक ही नहीं तमाम गांव के लोग अपना इन्तखाफ वगैरह लेकर आ रहे हैं उन्ही से पूछकर हिस्सा वगैरह बनवाया जायेगा सर्वे व सत्यापन का कार्य बहुत पहले ही हो चुका है। जब उनसे यह पूछा गया कि यह कार्य गांव में आकर करना है तो उन्होंने कहा कि धीरे धीरे सब हो जायेगा यह पूछा गया कि इस तरह का कोई आदेश है क्या कि लोग तहसील आकर इन्तखाफ वगैरह दे तो लेखपाल कहे कि ऐसा आदेश नहीं हैं।

# विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल का शाहाबाद में किया गया अभिनंदन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विधानसभा उपाध्यक्ष बने हरदोई सदर विधायक नितिन अग्रवाल गुरुवार को शाहाबाद पहुंचे। इससे पूर्व कौढा, सकाहा, बेहटागोकुल, ककरघटा में समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नवनिर्वाचित विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल को माला पहनाने और स्वागत करने वालों का तांता लगा रहा। बस स्टैंड शाहाबाद में उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नलिन कुमार गुप्ता ने समर्थक पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र. नवनीत गुप्ता आर्य, हाकिम सिंह, सुधीर सिंह, जहीरूद्दीन,पिन्टू पांडे, आजाद सिंह, रमाकांत मौर्य, रामकुमार सिंह, सुखराम राजपूत, अनिल त्रिवेदी,सुमत अग्रवाल, योगेश गुप्ता, अक्षय सिंह, नीरज कनौजिया के साथ जोरदार स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहे। विधानसभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने 14 नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में होने वाले वैश्य–व्यापारी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आग्रह किया। आगामी विधानसभा चुनाव में वैश्य सम्मेलन एकता को पार्टी पक्ष का निर्णायक बताया। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसने विपक्ष को



14 वर्ष बाद विधानसभा उपाध्यक्ष बनने का मौका दिया। इसके पूर्व 2007 में बरेली की कैंट सीट से विधायक राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष बने थे। उन्होंने अपनी ही पार्टी सपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी नौकरी केवल उनके परिवार के सांसद व विधायकों के पांच जिले के लोगों को दी जाती थी। बाकी के 70 जिले के लोगों को नौकरी नहीं मिलती थी। उन्होंने योगी सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि गुंडे व माफियाओं का राज खत्म हो रहा है। अवैध कब्जों पर बुलडोजर चल रहे हैं। नितिन ने योगी आदित्यनाथ को सभी 403 विधायकों का संरक्षक बताया।

# विकास खंड ब्रह्मपुर का सात माह बाद भी नहीं मिला जन सूचना, मामला पंहुचा राज्य सूचना आयोग

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : चौरी चौरा तहसील झेत्र के विकास खंड ब्रह्मपुर में जन सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है।यहां सूचना पाने के लिए करीब सात माह का चक्कर लगाने के बाद भी सूचना नहीं मिल पा रहा है। मजबूर होकर लोगों को सूचना आयोग में जाना पड़ रहा है। कुछ इसी तरह का मामला प्रकाश में आया है। ब्रह्मपुर गांव निवासी ललित मोहन त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत ब्रह्मपुर का दो बिन्दु पर सूचना प्राप्त करने के लिए 17, 3,2021 को खंड विकास अधिकारी, जन सूचना अधिकारी को रजिस्टर्ड पत्र देकर सूचना मांगा और ब्लाक मुख्यालय पर जाकर खंड विकास अधिकारी से सूचना के मिलता भी था वहां आज कल कहकर टाल दिया जाता था। प्रार्थी 20, 7,2021 में पुनः एक खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र सूचना न मिलने के सम्बन्ध में दिया जिस पर कार्यालय खंड विकास अधिकारी ब्रह्मपुर पत्रांक ज सू अ ब्रह्मपुर 2021, 22 दिनांक 28, / 7, / 2021 श्री सुनील कुमार शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी, ब्रह्मपुर गोरखपुर लिखा पत्र हम प्रार्थी को रिसीव कराया गया। जिसमें लिखा गया है कि ललित मोहन त्रिपाठी उक्त अधिकारी से सम्पर्क कर सूचना प्राप्त कर लें उसके वावजूद आज तक सूचना प्राप्त नहीं हुआ। जिससे थक हारकर प्रार्थी दिनांक 2 / ,9 / ,2021 को सूचना आयुक्त उ प्र सूचना आयोग लखनऊ को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर सूचना की मांग की। पुनः आज तक सूचना न मिलने पर प्रार्थी पुनः दोबारा प्रार्थना पत्र देकर सूचना की मांग की है।

# पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर, मिलेगी सजा

डी के यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद पीएम और सीएम का भी ऐलान आया है कि, पत्रकारों से अभद्रता करने वालों पर लगेगा 50,000 का जुर्माना एवं पत्रकारों से बदसलूकी करने पर हो सकती है 3 साल की जेल पत्रकार को धमकाने वाले को 24 घंटे के अंदर जेल भेज दिया जाएगा पत्रकारों को धमकी के आरोप में गिरफ्तार लोगों को आसानी से नहीं मिलेगी जमानत सीएम योगी का कहना है कि पत्रकारों को परेशानी होने पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्रदान करें और पत्रकारों से मान–सम्मान से बात करें वरना आप को पड़ेगा महंगा। बदसलूकी करने वालों पर दर्ज होगी थ्प्त्। बदसलूकी करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर नही तो एसएसपी पर होगी कार्यवाही पत्रकार नही हैं भीड़ का हिस्सा स पत्रकारों के साथ बढ़ती ज्यादती और पुलिस के अनुचित व्यवहार के चलते कई बार पत्रकार आजादी के साथ अपना काम नही कर पाते हैं, उसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रेस काउंसिल के अध्यक्ष मार्कण्डेय काटजू ने राज्य सरकारों को चेतावनी देते हुए निर्देश भी दिया है कि पुलिस आदि पत्रकारों के साथ बदसलूकी ना करे। पत्रकार भीड़ का हिस्सा नही हैं : किसी स्थान पर हिंसा या बवाल होने की स्थिति में पत्रकारों को उनके काम करने में पुलिस व्यवधान नही पहुँचा सकती। पुलिस जैसे भीड़ को हटाती है वैसा व्यवहार पत्रकारों के साथ नही कर सकती। ऐसा होने की स्थिति में बदसलूकी करने वाले – पुलिसवालों या अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जायेगा। काटजू ने कहाँ कि, ''जिस तरह कोर्ट में एक अधिवक्ता अपने मुवक्किल का हत्या का केस लड़ता है पर वह हत्यारा नही हो जाता है। उसी प्रकार किसी सार्वजनिक स्थान पर पत्रकार अपना काम करते हैं पर वे भीड़ का हिस्सा नहीं होते। इसलिए पत्रकारों को उनके काम से रोकना मीडिया की स्वतंत्रता का हनन करना है।'' सभी राज्यों को दिए निर्देश : प्रेस काउन्सिल ने देश के केबिनेट सचिव, गृह सचिव, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिवों व गृह सचिवों को इस सम्बन्ध में निर्देश भेजा है और उसमें स्पष्ट कहा है कि, पत्रकारों के साथ पुलिस या अर्द्धसैनिक बलों की हिंसा बर्दाश्त नही की जायेगी। सरकारें ये सुनिश्चित करें कि, पत्रकारों के साथ ऐसी कोई कार्यवाही कहीं न हो। पुलिस की पत्रकारों के साथ की गयी हिंसा मीडिया की स्वतन्त्रता के अधिकार का हनन माना जायेगा जो संविधान की धारा 19 एक ए में दी गयी है और इस संविधान की धारा के तहत बदसलूकी करने वाले पुलिसकर्मी या अधिकारी पर आपराधिक मामला दर्ज होगा।

# कोविड–19 प्रोटोकॉल एवं स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत माह अक्टूबर 21 में मण्डल रेल प्रबन्धक डा0 मोनिका अग्निहोत्री के मार्गदर्शन पर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक अम्बर प्रताप सिंह तथा सहायक वाणिज्य प्रबन्धक सुरेश कुमार शंखवार के नेतृत्व में मण्डल के समस्त टिकट जांच कर्मचारियों लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत अनियमित यात्रियों के विरूद्ध विभिन्न जांच अभियानों के अन्तर्गत / बिना टिकट की संघन जांच की गयी जिसके फलस्वरूप 15 अक्टूबर तक कुल 21339 बिना टिकट / अनियमित यात्रियों से जुर्माने से 1,50,55,955.00 के राजस्व की प्राप्ति रेलवे को हुई। इसी जांच अभियान के दौरान स्टेशन परिसर एवं रेल गाड़ियों में गन्दगी करने वाले तथा बिना मास्क के यात्रा करने वाले 187 यात्रियों से 36400 रू0 जुर्माना के रूप में राजस्व की प्राप्ति हुई। साथ ही इन जांच अभियानों के दौरान यात्रियो से संवाद करते हुए विभिन्न स्टेशनों पर उनको कोविड–19 से सुरक्षा हेतु समस्त प्रोटोकाल के पालन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक लखनऊ मण्डल अम्बर प्रताप सिंह ने बताया कि हम



अपने सभी रेल यात्रियों की सुखद एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए पूर्णरूप से प्रतिबद्व हैं और रेल यात्रियों को रेलवे द्वारा दिये गये सभी दिशा–निर्देशों का समयानुसार पालन करने एवं कराने के लिए संकल्पित हैं। रेलवे टिकट जांच अभियान में गोण्डा के मुख्य चल टिकट निरीक्षक के0एम0 अकरम तथा लखनऊ के मुख्य चल टिकट निरीक्षक विनोद कुमार, मनोज कुमार जैन, महेश प्रताप एवं टिकट निरीक्षक मुख्यालय एस0पी0 सिंह तथा गोरखपुर के राधेश्याम श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर निकली प्रभात फेरी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री गुरु रामदास जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर दशमेश सेवा सोसाइटी की द्वारा एक प्रभात फेरी पर प्रातः 6.00 बजे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की छत्रछाया में एवं परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे की अगुवाई में गुरूद्वारा आर्या नगर से आरम्भ हुई उक्त पालकी साहिब के आगे श्रद्धालु मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज की सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे। यह प्रभात फेरी मोती नगर चौराहा होती हुई गौरिया मठ रोड ,ऐशबाग रोड, डी0ए0वी0 कालेज रोड, नाका हिण्डोला चौराहा होती हुई वापस 8.30 बजे गुरूद्वारा साहिब पहुॅची। इस प्रभात फेरी में खालसा इण्टर कालेज के बच्चों ने बैण्ड बाजों के साथ एवं उ.प्र.भारत स्काउटस के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रभात फेरी में कई निष्काम जत्थों सिख यंग मेन्स एसोसियेशन, सिक्ख सेवक जत्था,यूथ खालसा एसोसियेशन, दशमेश सेवा दल, सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी,माता गुजरी सत्संग सभा ने प्रभात फेरी में शबद कीर्तन गायन किया। प्रभात फेरी के सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा शीतल पेय, चाय, बिस्कुट, समोसे, पकौडेध् का स्टाल लगाकर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने उन्हें गुरू घर का सम्मान सिरोपा भेंट किया और बताया



कि 22 अक्टूबर को श्री गुरु रामदास जी महाराज का प्रकाश उत्सव श्री गुरु सिंह ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिण्डोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जायेगा। दशमेश सेवा सोसाइटी के तजिंदर सिंह एवम् इंदरजीत सिंह ने बताया कि आज सायं 6.00 बजे से 9.30 बजे तक एवं दिनांक 22–10–2021 को प्रात 5.00 बजे से 10.30 बजे तक व सायं 6.00 बजे से 9.30 बजे तक दीवान सजेगें जिसमें रागी भाई हरतीरथ सिंह जी दिल्ली वाले, हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तन गायन एवं मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी कथा व्याख्यान द्वारा समूह संगत को निहाल करेंगे। सोसाइटी के सरदार हरविंदर पाल सिंह नीटा ने बताया कि इस अवसर पर सिक्ख सेवक जत्था,सिख यंग मैन एसोसिएशन, श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी गुरुद्वारा साहब की सजावट लंगर बांटने और सभी तरह की सेवाएं करेंगी। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरान्त गुरु का लंगर वितरित किया जायेगा।

# महंत कनकेश्वर गिरी जी महाराज किन्नर समाज अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम मंदिर का गेट भेंट करेंगी

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ग्राम चांदा महमदपुर ब्लाक हरपालपुर जनपद हरदोई में अटल विश्व बंधुत्वेश्वरम मंदिर का गेट सीतापुर किन्नर समाज के प्रदेश अध्यक्ष कनकेश्वरी गिरि महंत मंदिर का गेट भेंट करेंगी यह बात उन्होंने स्वयं अटल जी के मानस पुत्र संजीव द्विवेदी से कहां कि मैं चांदी की पांच ईट भी दूगी श्री राम जन्म भूमि की चरण रज के लिए तैयार है इस मंदिर में समर्पित करूंगी।अटल



पुरुषार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष संजीव द्विवेदी एवं सचिव संजीत तिवारी ने इस बात का उनका बहुत ही स्वागत किया।

# पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण के विरोध में अटेवा को मिला कई संगठनो का समर्थन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नई पेंशन योजना और निजीकरण के विरोध में 22 अक्टूबर को होने वाली पदयात्रा में कई कर्मचारी संगठन शामिल होंगे। विभिन्न विभागों के कर्मचारी संघों ने अपना समर्थन पत्र अटेवा के पदाधिकारियों को देकर पदयात्रा में शामिल होने की सहमति भी दे दी है ,अटेवा के पदाधिकारी पदयात्रा को सफल बनाने के लिए कर्मचारी संघों से संपर्क साधने में जुटे हैं। ऑल टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के पदाधिकारियों ने जिले के शिक्षक कर्मचारी व विभिन्न संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी से संपर्क किये।इसमें अटेवा के जिला अध्यक्ष चंदन सिंह और महामंत्री संदीप चौधरी ने जनपद जौनपुर के सभी कर्मचारी अधिकारी और शिक्षक संगठनों से 22 अक्टूबर को होने वाली पदयात्रा और 21 नवंबर को होने वाली पेंशन शंखनाद रैली के लिए समर्थन मांगा। इसके बाद अटेवा की पदयात्रा के लिए लोक निर्माण विभाग ,संयुक्त कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन , उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ , चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महासंघ, यूपी वाणिज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन, नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग,



आबकारी विभाग के संगठन ने समर्थन पत्र सौंपा है। सभी ने कर्मचारियों से पदयात्रा और रैली में भाग लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने बताया कि अटेवा देश व प्रदेश में लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रहा है इस आंदोलन में शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी के संगठन शामिल रहे हैं । 22 अक्टूबर की पदयात्रा के लिए पीडब्ल्यूडी सहित कई अन्य विभागों के संगठनों ने समर्थन पत्र दिया है। अटेवा के सभी पदाधिकारी लगातार कर्मचारी से संपर्क कर रहे हैं अब कर्मचारी आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। सम्पर्क अभियान में जिला जिला उपाध्यक्ष अखिलेश यादव , जिला संगठन मंत्री संदीप यादव , जिला कोषाध्यक्ष टी एन यादव, सदस्य जिला कार्यकारिणी जगदीश यादव सहित तमाम साथी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा शाहगंज इकाई का चुनाव स्व आनंद लाल श्रीवास्तव के आवास खुटहन रोड शाहगंज में हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा शाहगंज इकाई का चुनाव पूर्व प्रधानाचार्य स्व आनंद लाल श्रीवास्तव के आवास खुटहन रोड शाहगंज में सम्पन्न हुआ जिसमें शाहगंज तहसील क्षेत्र अध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव बचु उपाध्यक्ष सुजीत श्रीवास्तव उपाध्यक्ष स्वत्रंत श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव चुने गए एवम संगठन सचिव पद पर अजीत कुमार श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव व सचिव पद पर अर्पित श्रीवास्तव,कैलाश श्रीवास्तव निजामपुर चुने गए वही कोषाध्यक्ष के पद पर प्रभात श्रीवास्तव चुने गए। शाहगंज तहसील क्षेत्र प्रभारी व जिला सचिव आशुतोष श्रीवास्तव पत्रकार ने कहा कि आज शाहगंज में महासभा के गठन से अपार हर्ष हो रहा है अध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव पूरी टीम के साथ तहसील क्षेत्र के कोने कोने से कायस्थों को जोड़ेंगे। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव ने कहा कि आज कायस्थ महासभा अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आर के सिन्हा राज्यसभा सांसद, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ,प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रशेन श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत स्तर तक गठन



किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि महासभा का उद्देश्य है कि कायस्थों को जागरूक कर लोगो को जोड़कर महासभा को मजबूत करना है और महासभा हर कायस्थ परिवार के साथ सुखदुःख में साथ खड़ा है और महासभा सबके द्वार जाएगी। नवनिर्वाचित तहसील क्षेत्र अध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव ने कहा कि पूरे टीम के सहयोग से टीम को मजबूत कर एक विशाल कायस्थ सम्मेलन शाहगंज क्षेत्र में किया जायेगा। उक्त अवशर पर मछली शहर तहसील क्षेत्र अध्यक्ष रविंद श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव पत्रकार जिला महामंत्री युवा शाखा सुलभ श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के फाइलेरिया मरीजों के लिए हाईड्रोसील एवं मोर्बिडिटी कैम्प, पाथ संस्था दे रही है तकनीकी सहयोग

जौनपुर सू.वि. : फाइलेरिया मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर में हाईड्रोसील एवं मोर्बिडीटी मैनेजमैंट कैम्प का आयोजन हुआ। इसमें पाथ संस्था की जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ जसप्रीत कौर तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ विशाल यादव ने आशा संगिनियों तथा फाइलेरिया रोगियों को रुग्णता प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ विशाल यादव ने फाइलेरिया मरीजों को निःशुल्क मार्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रवेंशन किट (एमएमडीपी किट) बांटी जिसमें बाल्टी, मग, एंटीफंगल क्रीम आदि प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि मछलीशहर ब्लॉक क्षेत्र में 246 के लगभग फाइलेरिया के मरीज हैं जिसमें से 23 लोगों को किट बांटी गई जबकि सात हाईड्रोसील के मरीज हैं जिनका डॉ दीप्त ने निःशुल्क आपरेशन किया। वहीं डॉ जसप्रीत कौर ने रुग्णता प्रबंधन में सहायक व्यायामों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। डॉ जसप्रीत कौर ने बताया कि फाइलेरिया किसी को भी हो सकता है और यह मच्छर के काटने से फैलता है। आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर फाइलेरिया रोगियों को चिह्नित करती हैं और ऐसे ही कैम्पों के माध्यम से उनका रुग्णता प्रबंधन किया जाता है। अगस्त में फाइलेरिया रोगियों की जांच के लिए सर्वे किया गया था जिसमें 4,000 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए थे। यह नमूने रात



साढ़े आठ बजे के बाद लिए जाते हैं और जांच की जाती है। मरीज को पांच से छह साल तक इस रोग के बारे में पता नहीं चल पाता है जिसके बाद ही रोग के लक्षण स्पष्ट होते हैं। रुग्णता प्रबंधन के लिए इसी तरह के कैम्प अन्य ब्लाकों में भी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हाईड्रोसील कैम्प तथा मोर्बिडीटी मैनेजमैंट कैम्प फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दो स्तम्भ हैं। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान (एमडीए) पूरे जनपद में 22 नवम्बर से सात दिसम्बर तक चलाया जायेगा। इसमें आशा कार्यकर्ता अपने सहयोगी के साथ घर–घर जाकर फाइलेरिया रोगियों को अल्बेंडाजोल तथा डीईसी की दवा खिलाएंगी। यह दवा दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती औरतों और गंभीर रूप से बीमार लोगों को छोड़कर सबको खिलाई जानी है। कैंप का संचालन ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (बीसीपीएम) वीरेंद्र कुमार और ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) विजय पाल ने किया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में दीपावली मेले के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में दीपावली मेले के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर से 04 नवंबर 2021 तक प्रत्येक नगरपालिका परिषद में दीपावली मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए अभी से आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। मेले में सांस्कृतिक गतिविधियां, झूले, स्ट्रीट वेंडर, पार्किंग की व्यवस्था हेतु पर्याप्त एवं समुचित स्थान का चयन कर लिया जाए। मेले में ओ.डी.ओ.पी. एवं एम.एस.एम.ई. के स्टाल लगाये जाने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक, लोकगायन जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाए, जिससे दर्शकों को मनोरंजन होने के साथ ही कलाकारों को आर्थिक लाभ भी हो। उन्होंने कहा कि मेले में कोविड–19 व



अन्य प्रकार के संक्रामक बीमारियों से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित जाए। मेला परिसर में नियमित साफ–सफाई तथा स्वच्छ पेयजल के प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये। उन्होंने समस्त अधिकारियो को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मेला शांतिपूर्वक संपन्न करायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, अधि0अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष मिश्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गंगा जमुनी तहजीब है भारत की पहचान है : अशोक सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जौनपुर कोतवाली चौक पर मरकजी सीरत कमेटी के सौजन्य से ईद ए मिलाद जश्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति और जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह



ने शिरकत की । सिंह ने नबी ए करीम हजरत मुहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन करते हुए कहा कि भारत देश में हिंदू ,मुस्लिम, सिख ,ईसाई ,पारसी सभी समुदाय के लोग एकजुट होकर रहते हैं और यही गंगा जमुनी तहजीब हमारे देश की पहचान है। हम भारतीय संविधान का पूरा सम्मान करते हैं । जहां जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर संविधान के तहत न केवल जीवन गुजारते हैं बल्कि लोगों में आपसी एकता और भाईचारा बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास भी करते हैं । देश की उन्नति के लिए राष्ट्रीय एकजहती बहुत ही जरूरी है ।हमें यह समझना होगा कि राष्ट्र और राष्ट्र का संविधान हमें हर मजहब , धर्म को पूरी छूट देता है कि अपने अनुसार आस्था प्रकट करें ।लेकिन किसी तरह का भेदभाव ना हो। इस अवसर पर निखिलेश सिंह, बागी सिंह और असलम शैख सहित तमाम लोग उपस्थित थे । सबने आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने की अपील की।

## जनपद के बैंक प्रबंधक एवं उद्यमियों व्यापारियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा. संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बहुउद्देशीय हाल में जनपद के बैंक प्रबंधक एवं उद्यमियों व्यापारियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझाव को सुना गया। सभी व्यापारियों को दुकानों में सेंटर लॉक व ब्ब्जट लगाने हेतु ,दुकान के सामने अतिक्रमण न करने के सम्बंध में जागरूक किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पिकेट व कोबरा मोबाइल की गश्त बढ़ाने हेतु बताया गया। सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में संबंधित को दिशा निर्देश दिया गया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पर चल रहे वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया गया

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पर चल रहे वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉ सबीना खातून द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में कोविड–19 का टीका उपलब्ध है, प्रतिदिन 1000 से 1500 लोगों को कोविड–19 का टीका लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान, कोटेदारों से



समन्वय स्थापित करते हुए चुनाव से पहले शत–प्रतिशत लोगों का टीकाकरण करा दिया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कि बड़े हर्ष की बात है कि आज भारत में 100 करोड़ लोगो का कोविड टीकाकरण डोज पूर्ण करते हुये कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश में कुल 12 करोड़ से अधिक डोज लगायी गयी है। जनपद जौनपुर ने लगभग 27 लाख डोज लगाकर देश में कोविड महामारी के विरूद्ध चलाये जा रहे महत्वपूर्ण कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में अपना योगदान किया है। जिसमें अब तक कुल महिला 1366043 व पुरूष 1315853 को कोविड टीकाकरण किया जा चुका है। वर्तमान में ग्राम स्तर पर टीकाकरण टीमें जा जाकर कैम्प कर रही है एवं प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीकाकरण कर रही है। इस समय 503 टीमों के द्वारा टीकाकरण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि जो भी 18 वर्ष ऊपर के व्यक्ति छूटे है एवं जिनका द्वितीय डोज ड्यू हो चुका है, वो अपना टीकाकरण अवश्य कराये तथा कोविड महामारी की तीसरी लहर आने से देश और समाज को बचायें तथा स्वयं को भी इस घातक बीमारी से सुरक्षित करें। इस अवसर पर स्टाफ नर्स किरन यादव, बीएचडब्लू राहुल यादव, वेद प्रकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रही हिंसा के विरोध में भडके बजरंग दल के कार्यकर्ता

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रही हिंसा के विरोध में भडके बजरंग दल के कार्यकर्ता। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना का फूंका पुतला। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के विरोध में लगाए नारे। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही है हिंसा। 150 दुर्गा पंडालों में आग लगाए गया। 12 हिंदुओं की जान जा चुकी है। जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के साथ देशव्यापी आंदोलन कर रहा है। हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। पीड़ित अल्पसंख्यक हिंदुओं को मिले न्याय और मुआवजा। जान माल का मिले मुआवजा ।आक्रमणकारियों को किया जाए दंडित। भविष्य में ना हो इसकी पुनरावृत्ति की जाये व्यवस्था। हिंदुओं को सम्मान के साथ बंग्लादास देश मैं रहने की हो व्यवस्था।

# तीन दिन के अंदर यूपी कांग्रेस का दूसरा बड़ा एलान, इंटर पास छात्राओं को स्मार्टफोन व ग्रेजुएट को देंगे स्कूटी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी चुनाव 2022 में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का एलान करने के बाद कांग्रेस ने गुरुवार को एक और बड़ी घोषणा की है। यूपी कांग्रेस ने एलान किया है कि प्रदेश में सरकार बनने पर इंटर पास छात्राओं को एक–एक स्मार्ट फोन वितरित किया जाएगा। वहीं, ग्रेजुएट हो चुकी छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिट स्कूटी दी जाएगी। यूपी प्रभारी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि कल मैं कुछ छात्राओं से मिली। उन्होंने बताया कि उन्हें पढ़ने व सुरक्षा के लिए स्मार्टफोन की जरूरत है। मुझे खुशी है कि घोषणा समिति की सहमति से आज यूपी कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि सरकार बनने पर इंटर पास लड़कियों को स्मार्टफोन और स्नातक लड़कियों को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाएगी। 19 अक्तूबर को कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिला उम्मीदवारों को देने का एलान किया था। इस घोषणा की राजनीतिक हलकों में बड़ी चर्चा रही।



राहुल गांधी बोले– यूपी सिर्फ शुरुआत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस फैसले की सराहना करते हुए लड़की हूं... लड़ सकती हूं का नारा ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि, 'देश की बेटी कहती है– अपनी मेहनत से शिक्षा की ताकत से सही आरक्षण से मैं आगे–आगे बढ़ सकती हूं लड़की हूं लड़ सकती हूं! यूपी सिर्फ शुरुआत है।

# जश्न ए ईद मिलादुन्नबी में कौम और मुल्क की तरक्की की हुई दुआ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बारह रवि उल अव्वल सरकार ए मदीना की विलादत का महीना है, ये महीना आशिके रसूल के लिए दूसरे सभी महीनों से अफजल है । इन खयालात का इजहार मोहल्ला पक्काबाग रजा मस्जिद में जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हाजरीन से खिताब करते हुए हाफिज ओ कारी मोहम्मद अली बरकाती ने किया । जश्न का आगाज हाफिज परवेज ने तलावते कुरआन से किया । उन्होंने मजीद कहा– अल्लाह ने हमारे नबी को तमाम रसूलों का रसूल बना कर इस दुनिया मे भेजा । आप सिर्फ मुसलमानों के नही बल्कि सारी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए इस लिए आप को राहमतुल लिल आल्मीन भी कहते हैं ।आप ने दुनिया मे आ कर सबसे मोहब्बत करने का पैगाम दिया । आप ने सब को बराबरी का हक ,और एक समान समझने की तालीम दी ।हमारे नबी की पूरी जिंदगी बेहतरीन नमूना है आप के बताए हुए रास्ते पे चल कर हर शख्श अपनी दुनिया और आखरत संवार सकता है। हाफिज तालिब रजा , मौलाना वसीम ने भी तकरीर करते हुए नबी के औसाफ बयान



किए । इस मौके पर हाफिज बिलाल , ताबिश अली , माशील खां , ने नात शरीफ पेश की । हाजरीन में सुल्तान अख्तर एडवोकेट , शबाब अख्तर एडवोकेट ,इमरान खां मेम्बर , नदीम , साहिल खां ,मुमताज आलम , वगैरह मौजूद रहे । आखिर में दुरूद ओ सलाम के बाद हजरिन में तबर्रुक पेश किया गया । हाफिज मोहम्मद अली बरकाती ने कौम और मुल्क के लिए दुआ की।

# राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागार कक्ष में सेमिनार हुआ आयोजित

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्लोबल आई०डी०डी० दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागार कक्ष में सेमिनार/कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह द्वारा आयोडीन की उपयोगिता पर चर्चा की गयी तथा उनके द्वारा बताया गया कि आयोडीन की कमी से बच्चों में बुद्धिमत्ता में कमी, बौनापन, गूंगापन, बहरापन, घेघा, गर्भावस्था के दौरान अचानक गर्भपात, मृत बच्चे का जन्म, गर्भ में बच्चे का मानसिक विकास में कमी, किशोरावस्था में बढ़त रूक जाती है। महिलाओं में बाझपन आ सकता है। उक्त बीमारियों से बचाव हेतु आयोडीन युक्त नमक इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि भारत की सम्पूर्ण आबादी को आईडीडी का खतरा है, क्योंकि हमारे यहां मिट्टी में खनिज के तौर पर आयोडीन की कमी है। नोडल अधिकारी डा० राजीव यादव द्वारा आयोडीन युक्त नमक के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि एक स्वस्थ्य व्यक्ति द्वारा प्रतिदिन 150 माईक्रोग्राम (आधा चम्मच) आयोडीन युक्त नमक का सेवन करना आवश्यक है। आयोडीन से थाईराईड द्वारा हार्मोन्स का निर्माण होता है, जो शरीर के लिए अतिआवश्यक है। उनके द्वारा बताया गया कि भारत में लगभग 35 करोड़ लोग ऐसे है जो पर्याप्त मात्रा में आयोडीन युक्त



नमक का सेवन नहीं करते है और इस लिये उन्हें आईडीटी होने का खतरा बना रहता है। उनके द्वारा बताया गया कि आप किस प्रकार का आहार खाते है क्योंकि सभी में आयोडीन की मात्रा बेहद कम है और इस लिये आयोडीन की इस कमी को पूरा करने के लिये आयोडीन से फार्टिफाइड नमक को सप्लीमेन्ट के तौर पर लेना जरूरी है। उक्त कार्यक्रम में कुदर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा० सत्यनारायण हरिश्चन्द्र, डा० एस०पी० मिश्रा, डा० नरेन्द्र सिंह, डा० एस०सी० वर्मा, डी०पी०एम० एन०एच०एम० सत्यव्रत त्रिपाठी, एफ०एल०सी० जय प्रकाश गुप्ता, विनोद मौर्या एवं एन०सी०डी० सेल के सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे साथ ही साथ समस्त सामु०/ प्रा०स्वा०केन्द्रों पर आयोडीन से सम्बन्धित जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं प्रत्येक ब्लॉक के स्कूलों पर आर बी० एस० के टीम द्वारा बच्चों को आयोडीन उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया एवं उनके द्वारा नमक मंगाकर जाँच की गयी।

# मुख्यमंत्री योगी ने 25 फीसदी आहार भत्ता बढ़ाने का किया एलान, दो हजार रुपये मोबाइल खर्च

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के पुलिस लाइंस में पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों का आहार भत्ता 25 फीसदी बढ़ाने का एलान किया है। साथ ही अब सिपाहियों को हर महीने मोबाइल खर्च के लिए दो हजार रुपये दिया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने शहीद हुए पुलिसकर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि साल 2020–21 में कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में उत्तर प्रदेश पुलिस के चार बहादुर पुलिसकर्मी शामिल रहे। आज इस अवसर पर मैं सभी शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमारे पुलिसकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान हमें लगातार कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा, मनोयोग और दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देता रहेगा। मैं प्रदेश के सभी शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार को आश्वस्त करना




चाहता हूं कि प्रदेश सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ जरूरी कदम उठाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। 2019 के प्रयागराज कुंभ और लोकसभा सामान्य निर्वाचन व 2021 के त्रीस्तरीय पंचायत निर्वाचन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। कोरोना महामारी के दौरान यूपी पुलिस प्रदेश की जनता की सहायता के लिए सदैव तत्पर रही है। पुलिसकर्मियों द्वारा कोरोना वॉरियर्स के रूप में अभूतपूर्व परिश्रम करके जहां एक तरफ नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया वहीं, उनके द्वारा मानवता की सेवा की एक मिसाल भी कायम की गई।

# मंजीत हत्याकांड में शामिल दो इनामी अभियुक्तों को एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कोतवाली नगर जनपद अयोध्या पुलिस ने नीलगोदाम देवकाली मंजीत यादव हत्याकाण्ड से सम्बन्धित 02 वांछित 25–25 हजार रुपये इनामिया 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया।इस संबंध में 'शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक' ने बताया कि इस समय अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं 'पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह' के निर्देशन तथा 'पलाश बंसल सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर अयोध्या' के कुशल पर्यवेक्षण में 'सुरेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या' मय हमराह पुलिस बल द्वारा देवकाली चौकी क्षेत्र के नीलगोदाम के पास हुए मंजीत यादव हत्याकाण्ड (मु0अ0सं0 0665/2021 धारा 147/148/149/302/307/120बी भा0द0वि0 व 7 सीएलए एक्ट) से सम्बन्धित के 02 और वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया।जिसकी पुष्टि उन्होंने 'आनन्द सिंह उर्फ अन्नू पुत्र हरीश कुमार सिंह निवासी सरायरासी थाना महराजगंज जनपद अयोध्या हालपता निकट पानी की टंकी अश्वनीपुरम कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या', व 'अर्जित प्रताप मिश्रा उर्फ शिवम पुत्र शेष नारायण मिश्रा निवासी छाछपारा कानूनगो थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा हालपता गोला बाजार चौराहा थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या' के रूप में



किया।इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर 'देवा हास्पिटल के पास ओवर ब्रिज के नीचे' से गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही गई।उन्होंने बताया कि इस गिरफ्तारी में मुख्य रुप से सुरेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,व0उ0नि0 ओमप्रकाश थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,उ0नि0 दिवाकर यादव चौकी प्रभारी रामनगर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 ज्ञान प्रकाश यादव थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 चन्द्रवीर थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,का0 मनु अवस्थी थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या की सराहनीय भूमिका रही।

# पांचवें दीपोत्सव को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने 5वें दीपोत्सव के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों–सदस्यों के साथ अयोध्या नगर क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, पार्कों व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दीपों को जलाकर, भव्य एवं आकर्षक सजावट/लाइटिंग किये जाने के सम्बंध में बैठक की। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री झा ने विगत दीपोत्सव के अवसर पर शहर के विभिन्न चौराहों, पार्कों व अन्य महत्वपूर्ण स्थलों/भवनों पर की गयी आकर्षक सजावटों, लाइटिंग के तर्ज पर इस बार और भी दीपों को जलाकर, लाइटिंग करके, रंगोली आदि बनाकर भव्य एवं आकर्षक सजावट हेतु समस्त सामाजिक संगठनों एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों–सदस्यों से अपील की गयी। सभी सामाजिक संगठनों–व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों–सदस्यों द्वारा 5वें दीपोत्सव में आपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा पिछली बार की तरह सभी की सहभागिता से धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ और भी भव्य रूप से दीपोत्सव आयोजन में सहयोग हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर–मेलाधिकारी श्री सलिल पटेल ने बताया कि विगत दीपोत्सव की भांति इस बार भी नगर के विभिन्न चौराहों, भवनों, स्थलों यथा सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गांधी पार्क, डाकघर चौराहा, पुष्पराज चौराहा, जेसी पार्क, सिविल लाइन, रिकाबगंज चौराहा, नियावां चौराहा, अग्रसेन चौराहा, गुदड़ी बाजार, साकेत प्रेस तिराहा, नाका मकबरा, अग्रसेन चौक नाका, दैनिक जागरण तिराहा आदि पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों की सहभागिता से दीपों को जलाकर रंगोली बनाकर तथा भव्य एवं आकर्षक सजावट–लाइटिंग की जायेगी। जिलाधिकारी श्री झा व विधायक अयोध्या ने सभी सामाजिक संगठनों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से अपने संबंधित स्थलों पर दीपों, सजावट व लाइटिंग से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी नगरध्मेलाधिकारी सलिल पटेल, उपायुक्त उद्योग, उपनिदेशक संस्कृति, मेला सहायक कौशल किशोर श्रीवास्तव व अरूण अग्रवाल महामंत्री उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, श्रीनिवास अग्रवाल मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट, सजन अग्रवाल रोटरी क्लब फैजाबाद, डा0 हरिओम यादव मैसेनिक लॉन, सुरेन्द्र प्रताप सिंह इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, चन्द्रप्रकाश गुप्ता व्यापार मण्डल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के अथक प्रयास से ब्लॉक प्रांगण में अवैध कब्जे से हुआ खाली

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : पूरा बाजार अयोध्या विकासखंड पूरा ब्लॉक के प्रांगण में बने सरकारी आवासों में पिछले कई सालों से पुलिस व अन्य दबंगों ने कब्जा जमा रखा था जिससे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पूरा शिवेंद्र सिंह ने अपने अथक परिश्रम वा कानूनी प्रक्रिया से खाली कराकर ब्लॉक प्रांगण में बने कक्ष को ब्लाक कर्मचारियों को आवंटित कराया प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा कि पूरा ब्लॉक प्रांगण को ऐसे सजाया संवारा जा रहा है जो पूरे प्रदेश देश का नंबर वन ब्लॉक प्रांगण होगा जिसमें कर्मचारी पूरी ईमानदारी व आराम से कार्य कर सकें इस ब्लॉक को हर सुविधा से लैस किया जाएगा जैसे वाईफाई सीसीटीवी कैमरा बाहर से आने वाले कर्मचारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था आदि जो पूरे प्रदेश का नंबर वन ब्लॉक होगा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हर मंगलवार और बुधवार को जनता दरबार लगाकर ब्लॉक प्रांगण में जनता की समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान करते व संबंधित कर्मचारियों से करवाते है।

## सड़क पर भरा पानी,लोगों के लिए बना मुसीबत

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : शहर के ट्रांसपोर्टनगर की मुख्य सड़क की हालत खराब हो गई।सालो से इस सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। इसके कारण सड़क पर गड्ध्ढे हो गए है, साथ ही सड़क पर पानी भरा रहता है। इस कारण लोगों को आने–जाने में परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत कई बार नगर निगम के अधिकारियों से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।ट्रांसपोर्ट नगर में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यहां की सड़कों पर पानी भरा रहता है। ट्रांसपोर्ट नगर में आरटीओ ऑफिस होने और ट्रांसपोर्ट के कार्य के चलते ट्रकों व चार पहिया एवं दो पहिया सवार लोगों को नालियों के गंदे पानी से निकलकर प्रतिदिन आना–जाना पड़ रहा है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि यहां की सड़क की हालत बद से बद्तर है और उस पर भी सड़क पर पानी भरा रहता है। इस कारण सड़क पर कीचड़ हो गई है। दो पहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर की सड़क पर 12 महीने ही पानी भरा रहता है। इस कारण घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। मच्छर पनप रहे है। इसके साथ ही नगर निगम प्रशासन ने यहां एक भी बार फोगिंग मशीन से छिड़काव नहीं कराया है। सड़क के दोनों तरफ नालियां नहीं बनी हैं। घर से निकलने वाला पानी सड़क पर जमा हो रहा है। बारिश होते ही और भी मुश्किल बढ़ जाती है। इस बाबत नगर आयुक्त विशाल सिंह से जानकारी चाही गई किन्तु उनका फोन ओएसडी विनीत ने उठाया। उन्होंने बताया कि एनएचएआई द्वारा नाले की समुचित व्यवस्था नहीं किए जाने के कारण सड़क पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई है। इस संबंध में बैठकें आदि की जा रही है। जल्द ही समस्या का समाधान होगा।

# नगर पंचायत कुमारगंज में शामिल गांव तक नहीं पहुंच पा रहे सफाई कर्मी

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत कुमारगंज में अधिशासी अधिकारी की स्थायी रूप से तैनाती न होने से विकास कार्य ठप पड़े हैं। ईओ के लगातार न बैठने से विकास कार्यों की रूपरेखा नहीं बन पा रही है। रास्तों और नालों की साफ सफाई, पेयजल, सड़क निर्माण आदि कार्य ठप पड़े हैं। नवसृजित नगर पंचायत के वार्डों का अभी तक नहीं हो सका कुमारगंज नगर पंचायत के गठन के लगभग एक वर्ष हो चुके हैं। अभी तक यहां पर स्थायी रूप से अधिशासी अधिकारी की तैनाती न होने से विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। नगर पंचायत में अब तक मात्र सफाईकर्मी समेत मात्र 42 कर्मचारी ही लगाए गए हैं। सफाई कर्मियों की तैनाती तो हो गई है लेकिन सभी सफाई कर्मी नहीं आते जिसके चलते साफ–सफाई ठीक तरीके से नगर पंचायत क्षेत्र में नहीं हो पा रही है। भदरसा में तैनात ईओ लक्ष्मी चौरसिया को कुमारगंज नगरपंचायत का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। नगर पंचायत कुमारगंज मात्र एक बाबू अजय गुप्ता व एक कंप्यूटर ऑपरेटर के सहारे चल रहा है। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि ईओ व बड़े बाबू के पास भदरसा नगर पंचायत का भी चार्ज है। जिसके चलते प्रतिदिन नहीं आते। सफाई कर्मियों के बारे में जब जानकारी चाही गई तो कार्यालय में मौजूद सफाई नायक विकास यादव ने बताया कि आज 30 सफाई कर्मी सफाई कार्य में सुबह से ही लगे हैं। जब उनसे सफाई कर्मियों की गिनती कराया जाने लगा तो मात्र 24 सफाईकर्मी ही मौजूद मिले। अन्य जानकारियों के लिए जब प्रभारी ईओ कुमारगंज लक्ष्मी चौरसिया के मोबाइल नंबर से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया। जिसके चलते वार्ता नहीं हो सकी। फिलहाल कार्यालय के बाबू अजय गुप्ता के मोबाइल नंबर पर जब बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन उठा और उन्होंने बताया कि अभी तक शासन से विकास कार्यों के लिए कोई धनराशि नहीं आई है। शौचालय बनवाने के लिए मांग की गई है। शासन से धन प्राप्त होते ही कार्य को प्रारंभ करा दिया जाएगा। वहीं जब कस्बा कुमारगंज से महर्षि बामदेव जाने वाले मार्ग पर हुए जलभराव के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने पहले तो अनभिज्ञता जाहिर की, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि इस को दिखाया जाएगा और जल निकासी का प्रबंध अवश्य कराया जाएगा। नगर पंचायत में वार्डो का गठन ना होने के चलते कर्मचारियों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# शासन ने मंडलायुक्त को बनाया नोडल अधिकारी, अब होगी और तेजी, हर बुधवार को मंडलायुक्त विकास की करेंगे अब समीक्षा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने तथा भव्य एवं समग्र विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न हुई। विकास कार्यो की निगहबानी के लिए यूपी सरकार ने मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया है। मंडलायुक्त ने कहा कि अब हर बुधवार को अयोध्या के विकास कार्यो की समीक्षा की जाएगी ताकि विश्व स्तरीय विकास को समय में पूरा किया जा सके। बैठक में डीएम अनुज कुमार झा द्वारा अयोध्या के आसपास के विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला। बताया कि जिले के आसपास के विकास की 257 परियोजनाएं संचालित है। जिसमें 29 निर्माण एजेंसियां व 32,164 करोड़ की योजनाएं संचालित है। बैठक में नगर आयुक्त डा0 विशाल सिंह ने नगर निगम व अयोध्या विजन के तहत वर्तमान में करायी जा रही विकास योजनाओं तथा मास्टर प्लान आदि का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। मंडलायुक्त द्वारा अयोध्या विजन 2047 के तहत वर्तमान में करायी जा रही परियोजनाओं तथा अयोध्या में हो रही अन्य परियोजनाओं पर समीक्षा किया। मंडलायुक्त ने बताया कि प्रस्तावित विकास कार्यो की शासन द्वारा नियमित मानीटरिंग शासन द्वारा की जा रही है। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम तथा उसके आसपास कराये जा रहे विकास कार्यो के सम्बंध में सभी कार्यदायी संस्थाओं, विभागों को गुणवत्ता एवं समयबद्वता के साथ कार्य करने तथा उससे सम्बंधित जानकारी को डैसबोर्ड को नियमित अपडेट करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने कहा कि इसके लिए इससे सम्बंधित डैसबोर्ड/पोर्टल पर सूचनाएं अपडेट किया जाय तथा कार्यो के साथ साथ उसका फोटो भी संलग्न किया जाय। मंडलायुक्त ने कहा कि पांचवे दीपोत्सव को लेकर नगर निगम के तहत सड़कोंध्मार्गो पर किसी भी प्रकार से गड्ढा न हो तथा जलनिगम एवं विद्युत विभाग आदि द्वारा अपने–अपने विभागीय कार्यो के लिए सड़क आदि पर तोड़ फोड़ किया गया है उसको तत्काल ठीक किया जाय। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य जो पूरे हो गये है उसकी सूची बनाते हुये उसके लोकार्पण की कार्यवाहियां की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सूची में विभागवार एवं कार्यदायी संस्था तथा उसकी लागत एवं पूर्ण करने की शासनादेश के अनुसार तिथियां भी अंकित किया जाय तथा कोई भी इससे सम्बंधित अधिकारी या निर्माण एजेंसी का अधिकारी अपने–अपने विभागीय कार्यो को नियमित रूप से अपडेट करें तथा इस बैठक में रेलवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को भी बुलाने का निर्देश दिया गया। कहा कि जैसे जलनिगम, सिंचाई, आदि विभाग के अधिकारियों की तथा विमान प्राधिकरण आदि की कोई समस्या हो तो डीएम व नगर आयुक्त से या मुझसे शीघ्र से शीघ्र शासन से पत्र लिखवाया जाय एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता भी करायी जाय, जिससे कि समय से कार्य पूरा किया जा सकें। आठ कुंडों के सौन्दरीकरण की भी किया समीक्षा। मंडलायुक्त द्वारा अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 8 कुंडों में ब्रम्हकुंड, सीताकुंड, खजुहाकुंड, विद्याकुंड, दशरथकुंड, लाल दिग्गी तालाब, श्रीर सागर एवं अग्निकुंड के सौंदर्यीकरण एवं आर्ट वर्क के कार्य की प्रगति, नगर निगम अयोध्या द्वारा समेकित ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली (स्मार्ट एण्ड सेफ सिटी प्रोजेक्ट) के तहत 22 चौराहों पर स्मार्ट डिवाइस लगाने तथा हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि, श्रीराम हास्पिटल एवं अयोध्या कैंट, बस स्टेशन पर फ्री व्हाईफाई स्पॉट बनाने की स्थिति, सस्कृति विभाग द्वारा अयोध्या में सांस्कृतिक मंच (कल्चरल स्टेज) आडोटोरियम के निर्माण की स्थिति, सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा सरयू नहर खंड पर राम की पैड़ी पर अविरल जल प्रवाह हेतु राम की पैड़ी रिमाडलिंग पुनरीक्षित परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा 84 कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण की स्थिति सहित पर्यटन विभाग, धमार्थ कार्य विभाग, नगर विकास, रेलवे विभाग, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, लोक निर्माण विभाग समय से कार्य करें। बैठक में अयोध्या विकास प्राधिकरण, नगर निगम, सिंचाई, संस्कृति, धमार्थ कार्य, लोक निर्माण, सेतु निगम आदि से सम्बंधित विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने फतेहगंज रेलवे क्रासिंग एवं मोहबरा रेलवे क्रासिंग आदि से सम्बंधित ओवरब्रिजों के निर्माण के कार्यो में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया।

# विहिप ने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से उबाल

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बांग्लादेश में हिंदू एवं उनके उनके पूजा स्थलों पर जिहादियों के हमले से लोगों में गुस्सा है। तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्य अध्यक्ष वीरेंद्र राय व विपिन तिवारी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव को दिया। बुधवार को दिए ज्ञापन में राष्ट्रपति से मांग की गई है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिहादियों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। 150 से ज्यादा पूजा पंडालों को नष्ट किया गया। बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों में हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाया जाए। कहा गया है कि इस्कॉन मंदिर को आग के हवाले कर दिया गया। मूर्तियां तोडने व हिंदुओं को मारने पीटने के अलावा माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया गया। फिर भी बांग्लादेश की सरकार आंख बंद करके बैठी है। इस दौरान राम कुमार पांडे, रमन तिवारी, राजकुमार लोधी एडवोकेट, हरिश्चंद्र सिंह, भानु प्रताप, राम प्रताप सिंह, सूरज पाठक, दिनेश मिश्रा, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सपा ने स्व.मंजीत यादव के परिजनों को सौंपा आर्थिक सहयोग का चेक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : स्वर्गीय मंजीत यादव के परिवार वालों को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांड ने आर्थिक सहयोग का चेक सौंपकर पीड़ित परिवार के आँशु पोंछे। समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा दिया गया आर्थिक सहयोग का चेक स्वर्गीय मंजीत यादव के घर जाकर परिवार वालों को सौंपते हुए मांग की सरकार द्वारा मृतक परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने परिवार वालो को भरोसा दिलाया कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार आपके साथ है। प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव,राम अचल यादव मोहम्मद हलीम पप्पू , प्रवक्ता राकेश यादव शिव बरन यादव पप्प बाबूराम गौड़, गोपीनाथ बर्मा,राम अजोर यादव,रामभवन यादव,जगत नारायण यादव,उमेश यादवअमित यादव, वसी हैदर गुड्डू ,अर्जुन यादव सोमू,विशाल मणि रिक्की, आभास यादव दीपक यादव राधो,शाहबाज लकी, पत्रकार वासुदेव यादव अयोध्या, शंकर जीत यादव अवधेश यादव मुकेश यादव कौशल यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन हैं कुसंगत – साध्वी स्मिता

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय कुमार तिवारी : राम कथा सुनने, रामचरित्र मानस जी को पढ़ने से भगवान राम के चरित्र के दर्शन होते है। जिस पर चलने से मनुष्य भवसागर से पार लगने को सफल होता है। रामायण में तीन सोपान है। पुरुषार्थ, प्रार्थना और प्रतीक्षा। राम जन्म से पहले रावण जन्म की कथा है। सत्संग ना मिले कोई बात नहीं, लेकिन कुसंग से सदा बचिए। कुसंग से मनुष्य का पतन होता है। पूज्य संत ब्रह्मर्षि एवं वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉ. रामविलास वेदांती जी के सानिध्य एवं पूज्य महराज डॉ. राघवेश दास वेदांती के मार्गदर्शन में नारायण आश्रम के लग्न मंडप में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास साध्वी स्मिता दीदी ने कहीं। जीवन के हर संशय का समाधान राम कथा करती है, रामचरित्र मानस में नौ दिन में नौ प्रश्न है। निर्गुण ब्रह्म सगुण कैसे हो गया, राम जन्म का कारण क्या है। प्रभु के वाल काल की लीला, विवाह लीला, वनगमन लीला और राक्षसों के मारने का प्रयोजन के अलावे अयोध्या में श्री रामराज्याभिषेक और संतो के चरित्र के उत्तर में प्रभु के दर्शन होते हैं। राम कथा में भक्त के हृदय में भगवान आये तो आंसू आये बिना नहीं रह सकता। बज्र जैसा हृदय पिघलना चाहिए। तभी तो राम जी प्रवेश करेगें। मन में विकारों का जो खारा जल भरा है, उसे बाहर निकाले बिना भवसागर से पर होना सम्भव नहीं। उन्होंने राम जन्म के कारणों की चर्चा करते हुए कही की जब–जब धर्म का ह्रास होता है और अभिमानी राक्षस प्रवृत्ति के लोग बढ़ने लगते हैं तब तब कृपानिधान प्रभु भांति–भांति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। वे असुरों को मारकर देवताओं को स्थापित करते हैं। अपने वेदों की मर्यादा की रक्षा करते हैं। यही श्रीराम जी के अवतार का सबसे बड़ा कारण है। आज के मंच का संचालन श्री कौशल प्रसाद मिश्र ने किया, इस अवसर पर मनमोहन तिवारी,राजेश तिवारी,राम कथा वाचक स्वामी श्री आनंद जी महाराज, प्रातः काल कार्यक्रम पार्थिव द्वादश ज्योतिर्लिंग अनुष्ठान के संचालक अवध विहारी पाण्डेय,रामनारायण दुबे अशोक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# किसानों छोटे घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को मिलेगी 100 प्रतिशत तक अधिभार में छूट

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये एकमुष्त समाधान योजना प्रारम्भ की गयी है। जो 21 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक लागू रहेगी। उपभोक्ता इस अवधि में योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। 30 नवम्बर तक उपभोक्ताओं को अपना बकाया जमा करना होगा। यह घोषणा प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने की है। उन्होंने बताया है कि इस योजना में छोटे उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है और उन्हें सरचार्ज में 100 प्रतिषत की छूट दी गयी है। योजना के तहत घरेलू विद्युत पंखा (एल0एम0वी0–1) एवं वाणिज्यिक उपभोक्ता (एल0एम0वी0–2), के दो किलोवाट भार तक के छोटे उपभोक्ताओं तथा निजी नलकूप (एल0एम0वी0–5) (समस्त विद्युत भार) वाले उपभोक्ताओं को सरचार्ज राषि पर 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। साथ ही दो किलोवाट तक के घरेलू विद्युत पंखा (एल0एम0वी0–1) के छोटे उपभोक्ताओं को बकाया राषि में अधिकतम 6 किस्तों में जमा करने का भी विकल्प है। इसके अतिरिक्त घरेलू बत्ती पंखा (एल0एम0वी0–1) के दो किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक (एल0एम0वी0–2),के दो किलो से अधिक 5 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं का भी ध्यान रखते हुये उन्हें सरचार्ज राषि में 50 प्रतिषत की छूट प्रदान की गयी है।इस तरह उ0प्र0 पावर कारपोरेषन ने छोटे एवं मध्यम घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं तथा किसानों के लिये अत्यन्त लाभकारी एवं सुविधा जनक योजना प्रारम्भ की है।उपभोक्ता को योजना का लाभ लेने हेतु सम्बन्धित अधि0अभि0 एवं एस0डी0ओ0 कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सी0एस0सी0 केन्द्रों पर ऑनलाइन विद्युत बिल जमा कराने की सुविधा है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता स्वयं भी उ0प्र0 पा0का0लि0 की वेबसाइट पर जाकर योजना का लाभ ले सकते हैं।इस योजना के अन्तर्गत स्थाई रूप से विच्छेदित बकायेदारों के प्रकरण भी समाधान हेतु अर्ह होंगे साथ ही विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मामले भी समाधान हेतु अर्ह होंगे।उ0प्र0 पावर कारपोरेषन अध्यक्ष एम0 देवराज ने विद्युत वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपरोक्त श्रेणी के प्रत्येक बिजली बकायेदार को मिले इसके लिये व्यापक अभियान चलाया जाये। सभी कार्मिक प्रतिदिन योजना की समीक्षा करें साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु नियमित रूप से कैम्पों का आयोजन भी किया जाये।ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त षर्मा ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपना बकाया बिजली बिल समय से जमा कर दे।जिससे भविश्य में उन्हें कोई परेशानी न हो।

# कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान,दयानन्द शुक्ला का जनसम्पर्क अभियान जारी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कांग्रेस नेता दयानंद शुक्ला ने क्षेत्र के दर्जनों गांव का भ्रमण कर जनसंपर्क किया। सबसे पहले दयानंद शुक्ला पारा पहाड़पुर पहुंच कर ग्रामीणों से मिले उसके बाद गोगावा, भक्तनगर, सरैयां, लोहटी, रसूलपुर नेवादा, वनमऊ, भैसौली, दुल्लामऊ, बाबा मठ आदि गांवों का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने लोगों से कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। ग्राम भैंसोली में वरिष्ठ कांग्रेसी बाबा शकील द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दयानन्द शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी तथा प्रदेश की योगी सरकार से जनता त्रस्त हो गयी है। जनता महंगाई तथा बेरोजगारी से त्रस्त है। भाजपा सरकार ने जनता से जो वायदे किये थे उनको आज तक नही पूरा किया। दयानन्द शुक्ला ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से गांव गांव जाकर भाजपा सरकार की गलत नीतियों को उजागर करने आह्वान किया।इस अवसर पर मनीषा मिश्र, अशोक मिश्र, अनिल दीक्षित, सज्जू खाँ, रमेश शर्मा, हरिनारायण, राना सिंह, रामू पाठक, देश राज पाण्डेय, सती प्रसाद रावत आदि लोग उपस्थित थे।

## कलाकारों द्वारा किया जाएगा रामलीला का मंचन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : श्री रामलीला समिति लखनीपुर, बल्दी का पुरवा भेलसर अयोध्या स्थापना वर्ष 2002 ई० द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला का शुभारम्भ 21 अक्टूबर को होगा। उक्त रामलीला में श्री राम जन्म ,ताड़का वध ,नगर दर्शन, सीता फुलवारी, धनुष यज्ञ, रावण बाणसुर राम बारात ,राम वनवास, भरत मिलाप ,सूर्प नखा नक्कटी ,सीता हरण ,लंका दहन ,अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति ,कुम्भकरण वध, मेघनाथ वध ,राजगद्दी, रावण वध का मंचन कलाकारों के द्वारा किया जाएगा ।रावण वध और मेला 30 अक्टूबर शनिवार को होगा। रामलीला सम्पन्न कराने में संस्थापक अवधेश कुमार लोधी, अध्यक्ष साहेब सरन लोधी, कोषाध्यक्ष हरनाम उर्फ पप्पू लोधी ,उप कोषाध्यक्ष संतराम लोधी, महामंत्री राजू राजपूत, उप महामंत्री रामसूरत राजपूत ,उप कोषाध्यक्ष राधेलाल राजपूत ,प्रबंधक जीत बहादुर राजपूत ,उप प्रबंधक दिनेश राजपूत ,रक्षा मंत्री रामू राजपूत, मैनेजर रामअचल राजपूत ,उप मैनेजर हंसराज राजपूत, मंच परिचालक सुरेश चंद्र लोधी ,मंच व्यवस्थापक मुरारी लाल ,संतोष कुमार राजपूत, मंत्री रामदीन राजपूत ,उप मंत्री सालिकराम राजपूत, संरक्षक विजय विश्वकर्मा सदस्य राम कैलाश, ड्राइवर बिहारी , डॉक्टर रामनेवाज लोधी, विनोद लोधी, रामकेवल लोधी, प्रहलाद उर्फ लल्लू, राज हॉस्पिटल, एडवांस सिटी हॉस्पिटल ,अमर ट्राली वर्क्स जगन्नाथ लोधी, प्रेमचंद, शीतला प्रसाद लोधी ,केशव राम लोधी, मायाराम लोधी, राजेश कुमार ,राम लखन रामदेव लोधी, रामदीन लोधी, बृजेश कुमार लोधी, रामविशाल लोधी, सलीक राम,रोहित कुमार संतोष कुमार लोधी आदि ग्रामवासी तन मन धन का सहयोग कर रहे हैं।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।